# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. District (जिला): ACB DISTRICT  P.S. (थाना): C.P.S Jaipur  Year (वर्ष): 2025

2. FIR No. (प्र.सू.रि.सं): 0265  Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय): 09/10/2025 17:01 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
   1. Day(दिन): दरमियानी दिन  Date From (दिनांक से): 06/10/2025  Date To (दिनांक तक): 08/10/2025
      Time Period (समय अवधि): पहर  Time From (समय से): 10:30 बजे  Time To (समय तक): 13:39 बजे
   (b) Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 09/10/2025  Time (समय): 12:00 बजे
   (c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) : Entry No. (प्रविष्टि सं.): 002  Date & Time (दिनांक एवं समय) 09/10/2025 17:01:26 बजे
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित
5. Place of Occurrence (घटनास्थल):
   1. (a) Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी): NORTH-WEST, 75 किमी  Beat No. (बीट सं.) : NOT APPLICABLE
      (b)Address(पता): POLICE THANA BAGODA
      (c In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)
      Name of P.S (थाना का नाम):  District(State) (जिला (राज्य) ):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):
   (a) Name(नाम): GORDHANRAM
   (b) Father's Name (पिता का नाम): PREMARAM JI
   (c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 01/02/1976 (d)Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA
   (e) UID No(यूआईडी सं.):
   (f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):
   Date of Issue (जारी करने की तिथि): Place of Issue (जारी करने का स्थान):
   (g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

   (h) Occupation (व्यवसाय):
   (i) Address(पता):

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | HAPU KI DHANEE, BAGORA, BAGARA, JALORE, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | HAPU KI DHANEE, BAGORA, BAGARA, JALORE, RAJASTHAN, INDIA |

   (j) Phone number (दूरभाष न.): Mobile (मोबाइल न.): [redacted]

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KALYAN SINGH | | पिता:PEP SINGH | 1. AAKUVA, SAYLA,JALORE,RAJASTHAN,IN |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 50,000.00 |

10. Total value of property stolen(In Rs/-) (चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ): 50,000.00

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवामें,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जालौरविषय- रिश्वत राशि की मांग करने पर नही देने बाबतमहोदय जी,निवेदन प्रार्थी गोरधनराम पुत्र प्रेमाराम जाति विश्नोई उम्र 50 वर्ष निवासी हापु की ढाणी पुलिस थाना बागोडा (जालोर) की अर्ज है। कि मेरी रिश्तेदारी भागीरथ पुत्र रामचन्द्र जी जाति विश्नोई निवासी गावडी के घर परिवार मे हुई है। जो भागीरथ मेरी बच्ची का काकी ससुर है। भागीरथ ने पुलिस थाना बागोडा मे प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.131/2025 मुलजिमान मोहनलाल वगैरा के विरूद्ध दर्ज करवाया गया है। तथा इनके क्रास मे प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 132/2025 अनुसंधान अधिकारी A.S.I कल्याण सिंह पुलिस थाना बागोडा ने भागीरथ के सामने के मुलजिमो से मिलावट करके भागीरथ वगैरा के विरूद्ध झुठा मुकदमा दर्ज करवाया है। उक्त दोनो प्रकरणो का अनुसंधान A.S.I कल्याण सिंह पुलिस थाना बागोडा कर रहा है। प्रथम सूचना रिपोर्ट स. 132/2025 में बाबुलाल पुत्र रामचन्द्र व लादुराम पुत्र ठाकराराम जातिगण विश्नोई निवासीगण गावडी इस मुकदमे मे लडाई झगडे मे साथ नही थे तो भी कल्याण सिंह कहता है। कि इन दोनो के विरूद्ध चालान करूंगा अगर उन दोनो का उक्त मुकदमे से नाम निकलवाना है। तो आप ने 35,000 रूपये पहले दे दिये थे अभी कल्याण सिंह 65,000 रूपये रिश्वती राशि की मांग कर रहा है। अगर पैसे नही दिये तो इन दोनो को गिरफ्तार करूंगा तब दीपाराम पुत्र ठाकराराम जाति विश्नोई निवासी गावडी उम्र 35 वर्ष उक्त पुलिस मुकदमे मे उसका नाम होने से व अनुसंधान अधिकारी से भय खाकर डर के मारे मेरे पास आकर दीपाराम (भागीरथ वगैरा) का कुटम्बी भाई होने से मुझे कहा कि आप हमारे रिश्तेदार हो आप पुलिस कल्याण सिंह से बात करो मे रिश्वत नही देना चाहता हुं। तथा न ही हमारे पहले कि कल्याण सिंह से कोई दुश्मनी व रंजिश है। तथा न ही इनसे कोई लेना देना है। अत प्रार्थना है। कि श्रीमान जी से कानूनी कार्यवाह करवाना चाहाता हुं।दिनांक-06.10.2025भवदीयएसडी गोरधनराम मो[redacted]गोरधनराम पुत्र प्रेमाराम जी जाति विश्नोई निवासीहापु की ढाणी तहसील बागोडा जिला जालोरएसडी दीपाराम मो. [redacted]दीपाराम पुत्र ठाकराराम जाति विश्नोई निवासीगावडी तहसील बागोडा जिला जालोरकार्यवाही पुलिसदिनांक 06.10.2025 को समय 10.30 ए.एम. पर परिवाद श्री गोरधनराम पुत्र श्री प्रेमाराम जी जाति विश्नोई उम्र 50 साल निवासी ग्राम हापु की ढाणी तहसील बागोडा जिला जालोर मो.[redacted] तथा सह परिवादी श्री दीपाराम पुत्र श्री ठाकराराम जाति विश्नोई उम्र 35 साल निवासी ग्राम गावडी तहसील बागोडा जिला जालोर मो. [redacted] ने कार्यालय हाजा मे उपस्थित होकर एक हस्त लिखित हस्ताक्षर युक्त रिपोर्ट मय स्वप्रमाणित आधार कार्ड , परिवादी गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम मध्य सहमति पत्र एवं पुलिस थाना बागोडा मे दर्ज प्रकरण संख्या 132/2025 दिनांक 22.09.2025 विरूद्ध बाबुलाल वगैराह अन्तगर्त धारा 115(2),126(2),189(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रथम सूचना स्वप्रमाणित प्रस्तुत की। परिवादी श्री गोरधनराम ने बताया कि मेरे रिश्तेदार भागीरथ पुत्र रामचन्द्र जी जाति विश्नोई निवास गावडी के घर परिवार मे मारपीट हुई है जो भागीरथ मेरी बच्ची का काकी सुसर है भागीरथ ने पुलिस थाना बागोडा मे प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 131/2025 मुल्जिमान मोहनलाल वगैराह के विरूद्ध दर्ज करवाया है। इसके क्रॉस मे प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 132/2025 विरूद्ध बाबुलाल वगैराह में अनुसंधान अधिकारी श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा ने भागीरथ के सामने के मुल्जिमानो से मिलावट करके भागीरथ वगैराह के विरूद्ध झुठा मुकदमा दर्ज करवाया है। उक्त दोनो प्रकरणो का श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा अनुसंधान कर रहे है प्रथम सूचना रिपोर्ट 132/2025 मे बाबुलाल पुत्र रामचन्द्र व लादुराम पुत्र ठाकराराम जातिगण विश्नोई निवासीगण गावडी इस मुकदमे मे लडाई झगडे मे साथ नही थे तो भी कल्याण सिंह एएसआई कहता है कि इन दोनो के विरूद्ध चालान करूंगा उन दोनो का उक्त मुकदमे से नाम निकालना है तो आपने 35000 रूपये पहले दे दिये थे अभी कल्याण सिंह एएसआई 65,000 रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। अगर पैसे नही दिये तो इन दोनो को गिरफतार करूंगा तब दीपाराम पुत्र ठाकराराम जाति विश्नोई उम्र 35 साल निवासी गावडी उक्त पुलिस मुकदमे मे उसका नाम होने से वह अनुसंधान अधिकारी से भय खाकर डर के मारे मेरे पास आकर दीपाराम भागीरथ वगैराह का कुटम्बी भाई होने से मुझे कहा कि आप हमारे रिश्तेदार हो आप श्री कल्याण सिंह एएसआई से बात करो मे रिश्वत नही देना चाहता हुं तथा न ही हमारे पहले से श्री कल्याण सिंह एएसआई से कोई दुश्मनी व रंजीश है तथा न ही इनसे कोई लेन देन है। वगैरा रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। परिवादी गोरधनराम ने उक्त रिपोर्ट स्वंय की हस्त लिखित हस्त लिपि मे लिखित होना तथा रिपोर्ट पर स्वंय

तथा दीपाराम के हस्ताक्षर होना एवं रिपोर्ट मे लिखे समस्त तथ्य सही होना बताया। संलग्न दस्तावेज सहमति पत्र पर भी परिवादी गोरधनराम ने स्वंय व दीपाराम के हस्ताक्ष होना बताया। उपस्थित सह परिवादी श्री दीपाराम ने परिवादी श्री गोरधनराम के उपरोक्त कथनो की ताईद की। सहपरिवादी श्री दीपाराम ने बताया कि उपरोक्त पुलिस थाना बागोडा मे दर्ज प्रकरण संख्या 132/2025 विरूद्ध बाबुलाल वगैराह मे आरोपी बाबुलाल पुत्र रामचन्द्र व लाडुराम पुत्र ठाकराराम के विरूद्ध चालान नही करने तथा रिश्वती राशि मांग करने से संबंधित वार्तालाप अनुसंधान अधिकारी श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा से वार्तालाप श्री गोरधनराम जी करेंगे।परिवादी श्री गोरधनराम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट मे अंकित तथ्य एवं उसके परिवादी गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम के कथनों से मामला लोक सेवक द्वारा परिवादीगण के वैध कार्य के लिये रिश्वत की मांग करना प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधन 2018) की परिभाषा में आने से प्रथमत रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाना आवश्यक होने से गोपनीय सत्यापन करवाने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अलमारी मे से डिजिटल वॉइस रिकॉर्डर निकलवाया जाकर उसमे एक नया मेमोरी कार्ड डालकर ऑन कर रिर्वस कर सुना गया तो मैमोरी कार्ड खाली होना पाया गया उक्त वॉईस रिकॉर्डर परिवादी श्री गोरधनराम को सुपुर्द कर वॉईस रिकॉर्डर चलाने की समझाईस की गई तत्पश्चात कार्यालय हाजा मे उपस्थित श्री कालूराम कानि न.477 को कार्यालय कक्ष मे तलब किया जाकर श्री कालूराम कानि न.477 तथा उपस्थित परिवादीगण का आपस मे परस्पर परिचय करवाया जाकर मोबाईल नम्बरो का आदान प्रदान करवाया जाकर कार्यालय का डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर श्री कालूराम कानि न.477 को सुपुर्द किया जाकर परिवादीगण के साथ पुलिस थाना बागोडा जिला जालोर जाकर श्री कल्याण सिंह एएसआई से वार्तालाप करवाकर रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन कर लाने बाबत आवश्यक हिदायत दी गई। श्री कालूराम कानि न. 477 मय डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर के परिवादी श्री गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम को रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करने के लिये पुलिस थाना बागोडा जिला जालोर जाकर श्री कल्याण सिंह एएसआई से वार्तालाप करवाकर रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन कर लाने बाबत आवश्यक हिदायत दी जाकर परिवादीगण के निजी वाहन से पुलिस थाना बागोडा जिला जालोर के लिये रवाना किया गया। तत्पश्चात बाद करवाकर सत्यापन श्री कालूराम कानि न. 477 मय डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर बंद हालात मे मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत कर बताया कि निर्देशानुसार परिवादीगण के साथ भ्रनिब्यूरो जालोर से परिवादी के निजी वाहन से रवाना होकर पुलिस थाना बागोडा के नजदीक पहुंचे परिवादी श्री गोरधनराम ने अपने स्तर पर मालूमात किया तो श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा मे उपस्थित होना ज्ञात हुआ। जिस पर परिवादी श्री गोरधनराम ने पुलिस थाना बागोडा के मुख्य गेट के बाहर से श्री कल्याण सिंह एएसआई को जरिये मोबाईल पर वार्ता कर थाने से बाहर आने हेतु कहा जिस पर मन कानि ने डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर को ऑन कर परिवादी श्री गोरधनराम को सुपुर्द कर मन कानि तथा सह परिवादी श्री दीपाराम अपनी पहचान छुपाते हुये पुलिस थाना बागोडा के ईद गिर्द उपस्थित रहे। कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति पुलिस एएसआई की वर्दी मे थाने से बाहर आकर परिवादी श्री गोरधनराम के निजी वाहन मे बैठा करीब 5 या 7 मिनट पश्चात वह व्यक्ति गोरधनराम के निजी वाहन से निकलकर पुन पुलिस थाना बागोडा मे चला गया। तत्पश्चात परिवादी गोरधनराम मय निजी वाहन के मन कानि तथा सह परिवादी दीपाराम के पास पहुंचा मन कानि ने परिवादी श्री गोरधनराम को पुर्व मे सुपुर्द शुदा डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर प्राप्त कर ऑफ कर स्वंय के कब्जे मे लिया। परिवादी श्री गोरधनराम ने मन कानि को बताया कि पुलिस थाना बागोडा के बाहर श्री कल्याण सिंह एएसआई आया तथा श्री कल्याण सिंह को मेरी निजी वाहन मे बैठाया गया परिवादी श्री गोरधनराम ने श्री कल्याण सिंह एएसआई से वार्तालाप कि गई तो उसने पुलिस थाना बागोडा मे दर्ज प्रकरण सं. 132/2025 विरूद्ध बाबुलाल वगैराह मे आरोपी श्री बाबुलाल व लाडुराम के विरूद्ध चालान नही करने व मुकदमे मे मदद करने की एवज मे श्री कल्याण सिंह एएसआई ने 50,000 रूपये रिश्वती राशि की मांग की तथा पूर्व मे उक्त प्रकरण से संबंधित 35,000 रूपये प्राप्त करने की सहमति भी दी आदि वार्तालाप वॉइस रिकॉर्डर मे रिकॉर्ड होना बताया। तत्पश्चात मन कानि ने जरिये व्हाटसप कॉलिगं हालात श्रीमान को अर्ज किये थे तथा परिवादी श्री गोरधनराम से भी वार्ता करवाई गई। श्रीमान के निर्देशानुसार परिवादी श्री गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम को रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 50,000 की व्यवस्था कर लेकर दिनांक 08.10.2025 को प्रात करीब 8 एएम पर कार्यालय हाजा मे उपस्थित आने हेतु पांबद कर बागोडा मे ही रूखस्त किया गया। तत्पश्चात मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर को ऑन कर रिर्वस कर सुना गया तो उपरोक्त कथनो की ताईद होते हुये श्री कल्याण सिंह एएसआई द्वारा 50,000 रूपये रिश्वती राशि की मांग करने की पुष्टि हुई। उक्त डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर को स्वीच ऑफ कर स्वंय की अलमारी मे सुरक्षित रखा जाकर ताला बंद कर चाबी स्वंय के पास रखी।तत्पश्चात दिनांक 07.10.2025 को परिवादी श्री गोरधनराम ने स्वंय के स्तर पर मालूमात कर श्री कालूराम कानि न. 477 को जरिये व्हाटसप कॉलिंग कर बताया कि कल दिनांक 08.10.2025 को श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा मे ही उपस्थित रहेंगे तथा रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 50,000 रूपये की हमारे द्वारा व्यवस्था करना बताया। जिस पर परिवादीगण को कल दिनांक 08.10.2025 को प्रात 8 एएम पर रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 50,000 रूपये लेकर कार्यालय हाजा मे उपस्थित आने हेतु पांबद किया। तथा ट्रेप कार्यवाही में स्वतत्रं गवाहान की आवश्यकता होने से इस कार्यालय के पत्रांक 1945 दिनांक

07.10.2025 के तहसीलदार तहसील कार्यालय जालोर के नाम दो स्वतत्रं गवाहान दिनांक 08.10.2025 को प्रात 8 एएम पर इस कार्यालय मे उपस्थित आने हेतु उपलब्ध करवाने बाबत तहरीर विशेष वाहक श्री भरतसिंह कानि चालक न. 501 को सुपुर्द कर तहसील कार्यालय जालोर के लिये रवाना किया गया ।तत्पश्चात तहसील कार्यालय जालोर गया हुआ श्री भरतसिंह कानि चालक न. 501 कार्यालय हाजा मे उपस्थित आया तथा बताया कि भ्रनिब्यूरो जालोर से रवाना होकर तहसील कार्यालय जालोर पहुंचा तथा उक्त तहरीर पत्रांक 1945 दिनांक 07.10.2025 को तहसीलदार जालोर को प्रस्तुत की जिस पर तहसीलदार जालोर ने दो स्वतंत्र गवाहान क्रमश मुनीर खान कनिष्ठ लेखाकार मो. [redacted] व श्री रामलाल कनिष्ठ सहायक मो. [redacted] तहसील कार्यालय जालोर को दिनांक 08.10.2025 को प्रात 8 एएम पर भ्रनिब्यूरो कार्यालय जालोर मे उपस्थित आने हेतु पांबद कर उपस्थित आया। जिस पर दिनांक 08.10.2025 को समय 800 एएम पर मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय पूर्व मे पांबदशुदा कार्यालय स्टॉफ कार्यालय मे उपस्थित आये इसी दौरान परिवादी श्री गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम कार्यालय हाजा मे उपस्थित आये परिवादी श्री गोरधनराम ने रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 50,000 रूपये साथ लाना बताया। तत्पश्चात पूर्व मे पाबंदशुदा स्वतत्रं गवाहान श्री मुनिर खान कनिष्ठ लेखाकार व श्री रामलाल कनिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय जालोर से कार्यालय हाजा मे उपस्थित आये। उपरोक्त गवाहान को मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना परिचय दिया जाकर गवाहान का परिचय पूछा गया तो क्रमश श्री मुनीर खान पुत्र श्री जबरू खान जाति मुस्लमान उम्र 27 साल निवासी तखतपुरा (बारलावास) पोस्ट भेटाला पुलिस थाना बागरा तहसील व जिला जालोर हाल कनिष्ठ लेखाकार तहसील कार्यालय जालोर जिला जालोर मो. [redacted] तथा श्री रामलाल पुत्र श्री झुंझाराम जाति मेघवाल उम्र 37 साल निवासी ग्राम भागली सिंदलान पुलिस थाना कोतवाली जालोर जिला जालोर हाल कनिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय जालोर जिला जालोर मो. [redacted] होना बताया। तत्पश्चात उपरोक्त गवाहान को उपस्थित आने मे मन्तव्य से अवगत करवाया जाकर उपस्थित परिवादी श्री गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम का परस्पर परिचय करवाया गया। उपरोक्त गवाहान को परिवादी गोरधनराम तथा सह परिवादी श्री दीपाराम द्वारा दिनांक 06.10.2025 को प्रस्तुत रिपोर्ट को पढकर सुनाया गया तथा पढाया गया। रिपोर्ट के परिप्रेक्ष मे दोनो गवाहान ने दोनो परिवादीगण से विस्तृत पुछताछ कि जाकर तसल्ली की। दोनो गवाहान को रिश्वती राशि मांग सत्यापन के दौरान परिवादी श्री गोरधनराम तथा श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा मे मध्य डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मे रिकॉर्ड शुदा वार्तालाप वॉईस रिकॉर्डर ऑन कर रिर्वस कर मुख्य अंश सुनाये गये सुन समझ दोनो गवाहान ने भी श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा द्वारा 50,000 रूपये रिश्वती राशि मांग करने की पुष्टि होना बताया। समय अभाव के कारण आईन्दा फर्द ट्रासस्क्रिप्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। जिस पर उपस्थित स्वतंत्र गवाहान के रूबरू उपस्थित सह परिवादी दीपाराम के परिवादी श्री गोरधनराम द्वारा आरोपी श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा को रिश्वत मे दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहा गया तो परिवादी श्री गोरधनराम ने अपने पहने हुये पेन्ट की जेब से निकालकर 500,500 रूपये के भारतीय प्रचलित मुद्रा के 100 नोट कुल राशि 50,000 रूपये मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत किये। उक्त राशि की गणना की जाकर प्रत्येक नोट के नम्बर फर्द पेशकशी मे अंकित करवाये गये तत्पश्चात श्री रविन्द्र कुमार एएसआई मालखाना प्रभारी को निर्देशित कर मालखाना से फिनोफथलिन पाउडर की शिशि मंगवायी जाकर श्री भरतसिंह कानि चालक न 501 को सुपुर्द करवायी गयी। तत्पश्चात उपरोक्त 500,500 रूपये के सभी नोटो को पुराने अखबार पर रखवाये जाकर श्री भरत सिंह कानि चालक न 501 से प्रत्येक नोट पर हल्का हल्का फिनोफथलिन पाउडर लगवाया गया सह परिवादी श्री दीपाराम की जामा तलाशी मुनीर खान व परिवादी श्री गोरधनराम की जामा तलाशी श्री रामलाल से लिवाई जाकर उनके पास कोई आपत्तिजनक राशि, वस्तु, दस्तावेज इत्यादी नही रहने दिये गये अपने अपने मोबाईल पास मे रहने दिये गये तत्पश्चात फिनोफथलिन पाउडर युक्त रिश्वत मे दी जाने वाली राशि 50,000 रूपये श्री भरत सिंह कानि चालक न 501 से परिवादी श्री गोरधनराम के पहनी हुई पेन्ट की दाहिनी जेब मे रखवाई जाकर हिदायत दी गई की उक्त राशि को रास्ते मे हाथ नही लगावे एवं छुये नही तथा आरोपी श्री कल्याण सिंह एएसआई पुलिस थाना बागोडा द्वारा मांगने पर ही उक्त राशि निकाल कर उसे देवें राशि देने से पूर्व तथा पश्चात पश्चात आरोपी से हाथ नही मिलावे अभिवादन भी आवश्यकता होने पर दुर से ही हाथ जोड कर नमस्कार / अभिवादन करें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई की श्री कल्याण सिंह एएसआई द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात उक्त राशि को कहां रखता है या छुपाता है विशेष इस बात का विशेष ध्यान रखें। आरोपी कल्याण सिंह एएसआई द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात ट्रेप पार्टी को देखते हुये अपने सिर पर हाथ फेर कर या मन मांगी लाल राठोड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मे मोबाईल न [redacted] पर कॉल या मिस कॉल कर या ट्रेप दल के अन्य सदस्य को देखते हुये गोपनीय ईशारा करें। तत्पश्चात कार्यालय हाजा के एक पारदर्शी गिलास मे साफ पानी भरवाया जाकर गिलास मे एक चमच्च सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार करवाया जाकर गवाहान व परिवादी को दिखाया गया तो उक्त गिलास का घोल रंगहीन होना स्वीकार किया गया उक्त गिलास मे श्री भरत सिंह कानि चालक न 501 के हाथों की अंगुलियां व अंगुठो को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग परिवर्तित होकर गहरा गुलाबी हो गया इस प्रकार सभी उपस्थित गण को आरोपी द्वारा रिश्वत नोटो को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल मे हाथ धुलाने पर धोवन का रंग गहरा गुलाबी हो

जायेगा इस प्रकार प्रक्रिया अनुसार फिनोफथलिन पाउडर व सोडियम कार्बोनेट पाउडर के मिश्रण कि क्रिया प्रतिक्रिया व उपयोगिता के बारे में भली भांती समझाया गया। दृष्टांत में काम मे लि गई प्लास्टिक के पारदर्शी गिलास व उस अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया जिस नोटो को रखकर फिनोफथलिन पाउडर लगवाया गया था फिनोफथलिन पाउडर कि शिशि को पुन मालखाना मे रखवाया जाकर ताला लगवाया गया ट्रेप कार्यवाही मे उपयोग मे आने वाले समस्त उपकरणो की पानी व साबुन से दो दो धुलवाये जाकर पुन ट्रेप बॉक्स मे रखे गये। परिवादीगणो के अलावा समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यगणो की आपस मे जामा तलाशी लिवाई जाकर किसी के पास कोई आपत्तिजनक राशि, वस्तु, दस्तावेज इत्यादी नही रहने दिये गये अपने अपने मोबाईल पास मे रहने दिये गये। गवाहान एवं समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यगणो को हिदायत दी गई की परिवादी श्री गोरधनराम एवं श्री कल्याण सिंह एएसआई के मध्य होने वाली रिश्वती राशि लेनदेन को देखने का तथा होने वाली वार्तालाप को सुनने का प्रयास करे। उपरोक्त कार्यवाही की श्री करणीदान कानि न 236 से विडियोग्राफी करवाई गई। फिनोफथलिन पाउडर लगाने वाले श्री भरत सिंह कानि चालक न 501 को कार्यालय हाजा मे ही छोडा गया। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी मुर्तिब की जाकर संबंधित गण के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल रंनिग नोट किया गया। तत्पश्चात परिवादी श्री गोरधनराम सह परिवादी श्री दीपाराम ब्यूरो जाप्ता श्री कालूराम कानि 477 मय डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर के परिवादी श्री गोरधनराम मे निजि वाहन से तथा ब्यूरो जाप्ता श्री रविन्द्र कुमार एएसआई, मोहनलाल हैड कानि 93, श्री करणीदान कानि 236, श्री सुरेन्द्र सिगड कानि 232 मय कार्यालय हाजा का विडियो कैमरा मय मैमोरी कार्ड के मय ट्रेप बॉक्स मय आवश्यक सामग्री लेपटॉप प्रिन्टर प्रकरण से संबंधित पत्रावली के निजि वाहन से तथा मन मांगीलाल राठोड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतत्र गवाहान श्री मुनीर खान व श्री रामलाल तथा श्री आदुराम कानि न 142 के निजि वाहन से ट्रेप कार्यवाही हेतु भ्रनिब्यूरो जालोर से पुलिस थाना बागोडा के लिये रवाना हुआ। एवं परिवादी श्री गोरधनराम सह परिवादी श्री दीपाराम ब्यूरो जाप्ता श्री कालूराम कानि 477 मय डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर के परिवादी श्री गोरधनराम मे निजि वाहन से तथा ब्यूरो जाप्ता श्री रविन्द्र कुमार एएसआई, मोहनलाल हैड कानि 93, श्री करणीदान कानि 236, श्री सुरेन्द्र सिगड कानि 232 मय कार्यालय हाजा का विडियो कैमरा मय मैमोरी कार्ड के मय ट्रेप बॉक्स मय आवश्यक सामग्री लेपटॉप प्रिन्टर प्रकरण से संबंधित पत्रावली के निजि वाहन से तथा मन मांगीलाल राठोड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतत्र गवाहान श्री मुनीर खान व श्री रामलाल तथा श्री आदुराम कानि न 142 के निजि वाहन से ट्रेप कार्यवाही हेतु भ्रनिब्यूरो जालोर से रवाना होकर पुलिस थाना बागोडा के नजदीक खेतलाजी मन्दिर के पास पहुंचे। समस्त निजि वाहनो को रूकवाकर परिवादी श्री गोरधनराम सह परिवादी श्री दीपाराम तथा ब्यूरो जाप्ता श्री कालूराम कानि न 477 व श्री सुरेन्द्र सिगड कानि न. 232 को मय डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर के श्री कालूराम कानि न. 477 को आवश्यक हिदायत दी गई की रिश्वती राशि लेनदेन के दौरान होने वाली वार्तालाप को वॉईस रिकॉर्डर मे रिकॉर्ड करने हेतु परिवादी श्री गोरधनराम को सुपुर्द करे तथा प्रकरण मे गोपनीय बरतने की हिदायत दी गई। परिवादी श्री गोरधनराम को आवश्यक हिदायत दी गई कि रिश्वती राशि के लेनदेन के पश्चात यदि लेनदेन पुलिस थाना बागोडा मे हो तो थाने से बाहर आकर ट्रेप पार्टी को देखते हुये अपने सिर पर हाथ फेर कर या मन मांगीलाल राठोड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नम्बर [redacted] पर कॉल या मिस कॉल कर या ट्रेप दल के अन्य सदस्यो को देखते हुये गोपनीय ईशारा करे तथा यदि लेनदेन स्वंय के निजि वाहन मे हो तो लेनदेन के पश्चात निजि वाहन का दो बार होर्न बजा कर ट्रेप पार्टी को गोपनीय ईशारा करे। तत्पश्चात परिवादी के निजि वाहन से रिश्वती राशि आदान प्रदान हेतु पुलिस थाना बागोडा कि तरफ रवाना किया तथा परिवादी के पिछे पिछे मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतत्र गवाहान तथा ब्यूरो जाप्ता को आवश्यक हिदायत दी जाकर पुलिस थाना बागोडा के नजदीक पहुंच अपनी अपनी उपस्थिति छुपाते हुये परिवादी के गोपनीय ईशारे मे व्यस्त हुए। आज दिनांक 08.10.2025 को समय 0139 पी.एम. पर परिवादी श्री गोरधनराम ने रिश्वती राशि के लेन-देन के पश्चात पुलिस थाना बागोड़ा के मैन गेट के बाहर पोस्ट ऑफिस बागोड़ा के पास रोड़ पर खड़ी परिवादी स्वयं की गाड़ी का हॉर्न दो बार बजाकर के गोपनीय ईशारा किया। उसी दौरान मन् मांगीलाल राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने श्री कालूराम कानि. नं. 477 को जरिए वाट्सअप कॉल कर रिश्वत राशि लेन-देन बाबत् पुछा तो श्री कालूराम कानि. नं. 477 ने बताया की लेन-देन हो चुका है, आप शीघ्र आ जाओ जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दोनो स्वतंत्र गवाहान श्री मुनीर खान व श्री रामलाल तथा ब्यूरो स्टाफ के शेष सदस्यगण शीघ्र ही रवाना होकर परिवादी श्री गोरधनराम के पास पहूंचे तथा पूर्व मे सुपुर्द सुदा डिजीटल टेप रिकार्डर परिवादी से प्राप्त कर स्वीच-ऑफ कर स्वयं के कब्जे लिया। सह-परिवादी श्री दीपाराम भी वहीं पास खड़ा था। उसी दौरान परिवादी श्री गोरधनराम ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि श्री कल्याणसिंह एएसआई को मैने टेलिफोन कर पुलिस थाने के सामने गेट पर बुलाया, जिस पर श्री कल्याणसिंह एएसआई पुलिस थाने से बाहर आकर मेरी गाड़ी मे बैठ गया। श्री कल्याणसिंह के मांगने पर मैने पूर्व मे तय सुदा रिश्वत राशि 50,000/- रुपये उसे दिये जो उसने उक्त रुपये प्राप्त कर अपने पहनी हुई वर्दी के पेन्ट की दाहिनी जेब मे रखे एवं पुनः थाने के अन्दर की तरफ रवाना हुआ। श्री कल्याणसिंह एएसआई थाने के मैन गेट पर पहूंचा ही था उसी समय मैने मेरी गाड़ी का हॉर्न बजाकर आपको गोपनीय ईशारा किया। परिवादी श्री गोरधनराम ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि रिश्वती राशि 50,000/- रुपये अभी भी श्री कल्याणसिंह एएसआई के पहनी हुई वर्दी के दाहिनी जेब मे है। परिवादी श्री गोरधनराम ने पुलिस थाना बागोड़ा के मैन गेट

के आगे एक वर्दीधारी खड़े व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि वह व्यक्ति श्री कल्याणसिंह एएसआई है। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमरा स्वतंत्र गवाहान, परिवादी श्री गोरधनराम व सह-परिवादी श्री दीपाराम एवं ब्यूरो जाब्ता के रवाना होकर उक्त वर्दीधारी व्यक्ति के पास पहूंचा तथा उक्त वर्दीधारी व्यक्ति को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना एवं हमरायान स्वतंत्र गवाहन, परिवादी/सह-परिवादी एवं ब्यूरो जाब्ता का परिचय देकर उसका परिचय पुछा तो उसने अपना नाम श्री कल्याणसिंह एएसआई पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर होना बताया। तत्पश्चात श्री कल्याणसिंह एएसआई का दाहिने हाथ कलाई से उपर श्री कालूराम कानि. नं. 477 एवं बांया हाथ कलाई से उपर श्री सुरेन्द्र सीगड़ कानि. नं. 232 से पकड़वाये जाकर आवश्यक हिदायत दी गई। उसी दौरान पुलिस थाना बागोड़ा के मैन गेट पर करीबन 30-40 व्यक्तियों की भीड़ इकट्ठा होने के कारण एवं यातायात साधनों का आवागमन बाधित होने की संभावना को मध्यनजर रखते हुए श्री कल्याणसिंह एएसआई को हमरा लेकर मय समस्त हमरायान के वहां से रवाना होकर पुलिस थाना बागोड़ा के अन्दर थानाधिकारी कक्ष के पास पहूंचे जहां थानाधिकारी श्री हुकमाराम उपस्थित मिले जिनसे अग्रीम कार्यवाही हेतु एक कक्ष उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर श्री हुकमाराम थानाधिकारी ने स्वयं का कार्यालय कक्ष उपलब्ध करवाया जिस पर दस्तयाब सुदा श्री कल्याणसिंह एएसआई को थानाधिकारी कक्ष मे लाया गया। उसी दौरान ब्यूरो जाब्ता के श्री करणीदान कानि. नं. 236 को राजकीय विडियो कैमरा जिसमे नया मैमोरी कार्ड डलवाया गया था को ऑन करवाकर श्री करणीदान कानि .नं. 236 को उक्त कार्यवाही मे विडियोग्राफी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए जाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने रुबरु स्वतंत्र गवाहान, परिवादी व सह-परिवादी एवं ब्यूरो जाब्ता की उपस्थिति मे अग्रीम कार्यवाही करते हुए पुनः उसका परिचय पुछा तो उसने अपना नाम श्री कल्याणसिंह पुत्र श्री पेपसिंह उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम आकुवा पुलिस थाना सायला जिला जालोर हाल सहायक उप-निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर, मोबाईल नंबर [redacted] होना बताया तथा श्री कल्याणसिंह एएसआई को परिवादी श्री गोरधनराम से अभी-अभी प्राप्त की गई रिश्वत राशि 50,000/- रुपये के बारे मे पुछा तो उसने बताया कि उक्त रुपये मैने गोरधनराम को उधार दिए हुए वापस प्राप्त किये है, उपस्थित परिवादी श्री गोरधनराम ने आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई के कथनों का खण्डन करते हुए बताया कि साहब यह झूठ बोल रहा है, पुलिस थाना बागोड़ा मे हमारे विरुद्ध परस्पर मुकदमे दर्ज है। जिसमे प्रकरण संख्या 132/2025 मे प्रकरण के अनुसंधान मे मदद करने तथा आरोपी दो सरकारी कर्मचारीयों का चालान नहीं करने की एवज मे 50,000/- रुपये रिश्वत राशि मेरे से आज अभी प्राप्त किये है। जिस पर आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई को पुनः तसल्ली देकर पुछने पर उसने बताया कि साहब मेरे पास प्रकरण संख्या 132/2025 अनुसंधानाधीन है जिसमे आरोपी दो सरकारी कर्मचारीयों के विरुद्ध चालान नहीं करने की एवज मे मैने 50,000/- रुपये इनसे प्राप्त किये है। तत्पश्चात आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई की जामा तलाशी गवाह श्री मुनीर खान से लिरवाई गई तो आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई के पहने हुए वर्दी के पेन्ट की दाहिनी जेब मे नोटों की एक गड्डी होना पाई गई, जिसे निकलवाया जाकर नोटो को गिनवाये गये तो पाँच सौ पाँच सौ रुपये के कुल 100 नोट कुल राशि 50,000/- रुपये होना पाई गई। उपस्थित गवाह श्री मुनीर खान को पूर्व मे तैयार सुदा फर्द पेशकशी की प्रति उपलब्ध करवाई जाकर बरामदा रिश्वती राशि दूसरे गवाह श्री रामलाल को सुपुर्द करवाकर नोटों के नंबरो का मिलान करवाया गया तो नोटो के नंबर फर्द पेशकशी के मुताबिक हुबहु होना पाया गया। जिस पर उक्त बरामदा रिश्वती राशि 50,000/- रुपयों को गवाह श्री रामलाल को सुरक्षार्थ सुपुर्द करवाकर उसके पास रहने दी गई। तत्पश्चात आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई के हाथ धोवन की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए पुलिस थाना से प्लास्टिक की बोतल मे साफ पीने का पानी मंगवाया जाकर हमरा ट्रेप बॉक्स मे से प्लास्टिक के पारदर्शी दो गिलासें निकालकर इन गिलासों मे पीने का साफ पानी भरवाया गया। तत्पश्चात एक प्लास्टिक की पारदर्शी गिलास मे एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाया जाकर घोल तैयार करवाया गया तो धोवन का रंग अपरिवर्तित रहा जिसे समस्त उपस्थितगण ने रंगहीन होना बताया, जिस पर उक्त गिलास के घोल मे आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई के दाहिने हाथ की अंगूलियों एवं अंगूठे को डुबो-डुबोकर धुलवाया गया तो उक्त गिलास के घोल का रंग परिवर्तित होकर गुलाबी हो गया जिसे उपस्थितगण ने उक्त गिलास के घोल का रंग गुलाबी होना बताया। तत्पश्चात उक्त गुलाबी रंग के धोवन को काँच की साफ दो शीशीयों मे आधा-आधा भरवाया जाकर सील मोहर किया जाकर चेपों पर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबंधितगण के हस्ताक्षर करवाये जाकर चेपों पर मार्क आरएच-01 व आरएच-02 अंकित किया गया। तत्पश्चात प्लास्टिक की पारदर्शी दुसरी गिलास मे सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाया जाकर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा जिसे समस्त उपस्थितगण ने रंगहीन होना बताया। तत्पश्चात उक्त तैयार घोल मे आरोपी श्री कल्याणसिंह एएसआई के बांये हाथ की अंगुलियों एवं अंगूठे को डुबो-डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग परिवर्तित होकर गुलाब हो गया, जिसे समस्त उपस्थितगण ने धोवन का रंग गुलाबी आना बताया। उक्त गुलाबी धोवन को काँच की दो साफ शीशीयों मे आधा-आधा भरवाया जाकर सील मोहर किया जाकर चेपों पर प्रकरण का विवरण अंकित कर संबंधितगण के हस्ताक्षर करवाये जाकर चेपों पर मार्क क्रमशः एलएच-01 एवं एलएच-02 अंकित किया गया। तत्पश्चात बरामदा रिश्वती राशि 50,000/- रुपये स्वतंत्र गवाह श्री रामलाल को सुरक्षार्थ सुपुर्द की गई थी उक्त रिश्वत राशि 50,000/- रुपयों को पुनः फर्द पेशकशी मे अंकित नंबरों से मिलान करवाया गया तो नोटो के नंबर हुबहु पाये गये, नोटो के नंबर निम्नानुसार है:-1. एक पांच सौ रूपये का

